विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-14 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 14 (क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में किसानों को सिंचाई हेतु फ्री बिजली दिये जाने की कोई कार्य योजना बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? | वित्तीय वर्ष 2022-23 तक प्रदेश के नलकूप धारक किसानों को विद्युत दर में 88.19 प्रतिशत की राहत दी जा रही है। मा0 वित्त मंत्री जी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2024 का बजट प्रस्तुत करते समय अब यह राहत 100 प्रतिशत करने की घोषणा कर दी गयी है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

ए.के. शर्मा
ऊर्जा मंत्री।

बजट अनुमान



ऊ-1 ऊर्जा विभाग (₹ लाख में)

| वास्तविक आँकड़े 2021-2022 | आय-व्ययक अनुमान 2022-2023 | पुनरीक्षित अनुमान 2022-2023 | लेखा शीर्ष | आय-व्ययक अनुमान 2023-2024 |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2801-बिजली ,05-संचारण एवं वितरण ,800-अन्य व्यय | |
| | | | 07- निजी नलकूप उपभोक्ताओं को दिनांक 01-01-2022 से टैरिफ के आधार पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान किए जाने के फलस्वरूप 2021-2022 के चतुर्थ त्रैमास एवं 2022-2023 हेतु उ.प्र.पा.का.लि. को अनुदान | |
| -- | -- | 125000.00 | 27 - सब्सिडी | -- |
| | | | 08- निजी नलकूप उपभोक्ताओं को टैरिफ सब्सिडी हेतु उ.प्र.पा.का.लि.को अनुदान | |
| -- | -- | -- | 20 - सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) | 150000.00 |
| | | | 09- रिवैम्प्ड योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण कम्पनियों की हानियों की प्रतिपूर्ति | |
| -- | -- | -- | 20 - सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) | 650000.00 |
| | | | 10- उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 को विद्युत कर की भुगतान की गयी धनराशि के विरुद्ध राजस्व क्षतिपूर्ति अनुदान | |
| 105000.00 | 210000.00 | 210000.00 | 27 - सब्सिडी | 210000.00 |
| | | | 18- पारेषण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तीय संस्थाओं से लिये जाने वाले अतिरिक्त ऋण की ब्याज सहित अदायगी | |
| 3682.16 | 1219.82 | 1219.82 | 20 - सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) | -- |
| | | | 20- वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तीय संस्थाओं से लिये जाने वाले अतिरिक्त ऋण की ब्याज सहित अदायगी | |
| 4910.18 | 1568.03 | 1568.03 | 20 - सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) | -- |
| 1847408.68 | 2062787.85 | 2588559.85 | योग : 800 * | 2446270.00 |
| 2047408.68 | 2262787.85 | 2788559.85 | योग : 05 | 2646270.00 |
| 2047408.68 | 2262787.85 | 2788559.85 | योग : 2801 | 2646270.00 |

वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदों की अनुदानवार-सूची

| अनुदान /क्रम संख्या | लेखा शीर्ष | मद का नाम | धनराशि ( रूपये लाख में ) |
|---|---|---|---|
| | | स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लिमिटेड / उत्तर प्रदेश राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड की मिलों के शासकीय देयताओं के अतिरिक्त अन्य मदों में बकाया धनराशि का भुगतान | |
| | 2852-उद्योग | 2-उ.प्र. सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड, उ.प्र. स्टेट यार्न कम्पनी लिमिटेड तथा उ.प्र. राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड पर दिनाँक 01 अप्रैल, 2023 को बकाया ऋण (मूलधन) तथा कम्पनी को प्रदत्त अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान के लिये एकमुश्त व्यवस्था | 50000.00 |
| | 2852-उद्योग | 3-उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लिमिटेड की रायबरेली, मऊनाथ भंजन तथा बाराबंकी इकाईयों पर दिनाँक 01 अप्रैल, 2023 को बकाया ऋण तथा कम्पनी को प्रदत्त अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान | 28795.00 |
| | 2852-उद्योग | 4-यू.पी.डेस्को के अन्तर्गत पी.एस.यू. का गठन | 150.00 |
| | | लेखा शीर्ष 2852 का योग | 166763.00 |
| | 4875-अन्य उद्योगों पर पूंजीगत परिव्यय | 5-उत्तर प्रदेश में फार्मा पार्कों की स्थापना एवं विकास | 2500.00 |
| | | लेखा शीर्ष 4875 का योग | 2500.00 |
| | 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय | 6-चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना | 8500.00 |
| | 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय | 7-झाँसी लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना | 15000.00 |
| | | लेखा शीर्ष 5054 का योग | 23500.00 |
| | | अनुदान संख्या 007 का योग | 192763.00 |
| 009 | 2801-बिजली | 1-निजी नलकूप उपभोक्ताओं को टैरिफ के आधार पर 100 प्रतिशत की छूट प्रदान किए जाने के फलस्वरूप यू.पी.पी.सी.एल. को अनुदान | 150000.00 |
| | 2801-बिजली | 2-रिवैम्प्ड योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण कम्पनियों की हानियों की फण्डिंग हेतु अनुदान | 650000.00 |
| | | लेखा शीर्ष 2801 का योग | 800000.00 |
| | 4801-बिजली परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय | 3-3x210 मेगावाट अनपरा 'अ' एवं 2x250 मेगावाट अनपरा 'ब' परियोजना में 30 एम.एल.डी. क्षमता के उत्प्रवाह शोधन संयंत्र के कार्य | 898.00 |
| | 4801-बिजली परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय | 4-ग्रीन इनर्जी कॉरिडोर अन्तर्गत परियोजना के अर्न्तगत देय राज्यांश की धनराशि | 33300.00 |
| | 4801-बिजली परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय | 5-ग्रीन इनर्जी कॉरीडोर-II के पारेषण कार्यों के लिये केन्द्र सरकार से प्राप्त सहायता के सापेक्ष उत्तर प्रदेश [illegible] | 10000.00 |

# वित्त मंत्री

# श्री सुरेश कुमार खन्ना

# का

# 2023-24 के बजट अनुमानों

# पर

# बजट भाषण

उपलब्धता 3816 मेगावाट प्रतिदिन तथा वर्ष 2021–2022 में औसतन उत्पादन उपलब्धता 3998 मेगावाट प्रतिदिन रही।

- 2X660 मेगावाट जवाहरपुर तापीय परियोजना 2X660 मेगावाट ओबरा सी तापीय विस्तार परियोजना एवं 1X660 मेगावाट पनकी तापीय परियोजना का आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 में पूर्ण होना एवं उत्पादन कार्य प्रारम्भ होना लक्षित है।
- पारेषण तंत्र की क्षमता जो कि वित्तीय वर्ष 2016–2017 में 16,348 मेगावाट थी, को वर्ष 2021–2022 में 28,000 मेगावॉट तक किया गया, जिसे वित्तीय वर्ष 2022–2023 तक बढ़ाकर 30,806 मेगावॉट तक किया जाना लक्षित है।
- वित्तीय वर्ष 2022–2023 में **निजी नलकूप उपभोक्ताओं** के विद्युत बिलों में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी थी जिसे लोक कल्याण संकल्प पत्र में की गयी घोषणा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2023–2024 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया है जिसके लिए 1500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है ।
- बुन्देलखण्ड में स्थापित की जाने वाली सौर ऊर्जा परियोजनाओं से विद्युत निकासी के लिये केन्द्र सरकार तथा जर्मनी की संस्था **KfW** की सहायता से **ग्रीन इनर्जी कॉरीडोर-II** परियोजना के अन्तर्गत पारेषण तंत्र के निर्माण हेतु 1554 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है । इस परियोजना को 03 वर्षों में पूर्ण किया जाना लक्षित है ।
- विद्युत वितरण क्षेत्र की कुशलता एवं क्षमता वृद्धि हेतु केन्द्र सरकार की सहायता से **रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम** प्रारम्भ की गयी है जिसके लिए 6500 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है ।

मान्यवर,

विद्युत प्रकाश और शक्ति का स्रोत है। यह वह शक्ति है जिसके अभाव में नगर अंधकारमय और समाज गतिशून्य हो सकता है। इसीलिये हमारी सरकार ने ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा पर विशेष ध्यान दिया है हम यह कहना चाहते हैं कि–

**इस चमन को कभी सहरा नहीं होने दूँगा,**
**मर मिटूँगा मगर ऐसा नहीं होने दूँगा,**
जब तलक भी मेरी पलकों पे दिये हैं रोशन,
अपनी नगरी में, अंधेरा नहीं होने दूँगा।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत

- उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति, 2022 के क्रियान्वयन हेतु 317 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है ।